दिनांक : 11.07.2024 समय : 07.10

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय बजट से पूर्व आज प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की ।
- प्रदेश में बिजली कंपनी के कर्मचारियों को भी मिलेगा 35 वर्ष पूरा करने पर चतुर्थ वेतनमान का लाभ ।
- उद्यानिकी विभाग एक पेड़ माँ के नाम अभियान में प्रदेश में लगाएगा 2 लाख पौधे ।
- प्रदेश में बारिश का दौर जारीए रीवा-सीधी में आज भारी बारिश होने का अनुमान ।

**प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री बजट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय बजट 2024-25 से पूर्व आज नई दिल्ली में नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की और उनकी राय और सुझाव लिए। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरीए प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पी के मिश्र और कई जाने-माने अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ बैठक में उपस्थित थे। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन 23 जुलाई को लोकसभा में केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा।

बिजली कम्पनी-वेतनमान

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा अपने कर्मचारियों को 35 वर्ष पूर्ण होने पर चतुर्थ वेतनमान घोषित किया गया था। इसी के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है कि इस आदेश को सभी कंपनियों में लागू किया जायेए जिससे 35 वर्ष पूर्ण कर चुके अधिकारियों और कर्मचारियों को उसका लाभ मिल सके। इसी प्रकारए कंपनी कै�र के अधिकारियों के दूसरे उच्च वेतनमान में अधीक्षण अभियंता समकक्ष की विसंगति को भी समाप्त करने का निर्णय लिया गया

है। श्री तोमर ने यह बात पॉवर इंजीनियर्स एण्ड एम्पलॉइज एसोसिएशन एवं भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कही। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर जरूरी कार्यवाही करेंगे।

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025

भोपाल में फरवरी 2025 में इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 का आयोजन प्रस्तावित है। जीआईएस-2025 समिट का उद्देश्य निवेशकों को राज्य की क्षमताओंए प्रचुर संसाधनों एवं अनुकूल औद्योगिक वातावरण से अवगत कर मध्यप्रदेश को निवेश के लिये आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करना है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को सफल बनाने के लिए औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा देश के विभिन्न शहरों में इन्टरेक्टिव सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में इस तरह का पहला सत्र 13 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे और मध्यप्रदेश में निवेशए नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार के दृष्टिकोण और प्रयासों को रेखांकित करेंगे ।

राज्यपाल वन विभाग

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि वन अधिकार पट्टा धारकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समुचित रूप से मिले। पट्टा धारकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का अनिवार्यत: लाभ दिया जायें। राजभवन में आयोजित वन विभाग की समीक्षा बैठक में राज्यपाल ने वन मित्र पोर्टल की समीक्षा भी की। बैठक में वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने बताया कि लघु वनोपज संग्रहण की नीतियों में जनजातीय वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## संपूर्णता अभियान-गुना

नीति आयोग द्वारा गुना जिले के आकांक्षी ब्लॉक बमोरी में 6 संकेतको को पूरा करने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत विश्राम गृह गुना में किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा इस बारे में उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा:

एक पेड़ माँ के नाम

एक पेड़ माँ के नाम अभियान में उद्यानिकी विभाग प्रदेश में 2 लाख पौधे लगाएगा। अभियान में शासकीय नर्सरी से छायादार वृक्षों के साथ-साथ फलदार वृक्ष जिनमें आमए अमरूदए जामुनए शहतूतए आंवला के पौधे स्थानीय कृषकों को लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने निर्देश दिए कि उद्यानिकी विभाग के अधिकारी पौध-रोपण के उपरांत उनके पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये भी नियमित समीक्षा करें। धार पुलिस व उनके परिवारजनो ने "एक पे माँ के नाम" पौधारोपण अभियान के तहत आज ीआरपी लाईन में स्थित शीतला माता मंदिर परिसर के मोती वन में 500 पौधे रोपकर धार पुलिस की ओर से "पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आगर मालवा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में आज आज समूह की महिलाओं द्वारा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की उपस्थिति मे ग्राम लावन स्थित सोलर प्लांट परिसर मे आयोजित किये गए वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में 2 हजार पौधों का रोपण किया गया। खंवा में परे ग्राउंए आवासीय परिसर एवं जिले के समस्त थाना एवं चौकी परिसर मे तथा पुलिस विभाग के अन्य सभी कार्यालय परिसर मे वृहद स्तर पर 1100 पौधों का पौधारोपण किया गया।

स्मार्ट सिटी मिशन-भोपाल

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत भोपाल स्मार्ट सिटी में 940 करोड़ रूपये की 70 परियोजनाएं पूरी की जा चुके हैं। इनमें पब्लिक बाइक शेयरिंगए स्मार्ट रो□ए बुलेव□ स्ट्रीटए स्मार्ट पोलए स्मार्ट एलई□ी लाइटए शासकीय आवास का निर्माणए युवाओं में कौशल विकास के लिये इनक्युबेशन सेंटर का निर्माणए पुरातत्व धरोहर का संरक्षण और सदर मंजिल का जीर्णोद्धार प्रमुख है।

मुख्यमंत्री समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री □ॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के विधायकों के साथ बैठक की। बैठक में विधायकों के साथ संभाग के जिलों के कलेक्टर और एसपी वी□ियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। विधायकों द्वारा किए गए सवालों के जवाब लेने और विधायकों के जनहितैषी मामलों में सुनवाई करने के लिए कहा गया। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी□ी शर्मा भी शामिल हुए । बैठक में भोपाल के अलावा संभाग के सीहोरए रायसेनए विदिशाए राजगढ़ और नर्मदापुरम संभाग के बैतूलए हरदा और नर्मदापुरम जिलों के भाजपा विधायकों के साथ बैठक हुई। इसके पहले मुख्यमंत्री पिछले तीन दिन में 6 संभागों की बैठक ले चुके हैं।

**नड्डा. जनसंख्या दिवस**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्□ा ने आज नई दिल्ली में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित एक बैठक में कहा कि केंद्र और राज्यों दोनों को उचित परिवार नियोजन सुनिश्चित करने और योजनाओं तथा पहलों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सामूहिक रूप से काम करने की जरूरत है। श्री नड्□ा ने परिवार नियोजन के बारे में जागरूकता बढाने के लिए परिवार नियोजन सेवा प्रदाताओं के लिए □िज़ाइन किए गए बहुउद्देशीय परिवार नियोजन प्रदर्शन मॉ□ल **‘सुगम’** का भी अनावरण किया। उन्होंने

परिवार नियोजन के बारे में जागरूकता और परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग बढ़ाने के उद्देश्य से नये रेिडयो स्पॉट और जिंगल्स भी लॉन्च किए।

मौसम

प्रदेश के पूर्वी हिस्से रीवा-सीधी में आज भारी बारिश होने का अनुमान है। ज्यादातर जिलों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने

मऊगंजए सतनाए मैहरए सिंगरौलीए निवाड़ीए शिवपुरीए अशोकनगरए मुरैना में भी तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे में यहां 4 इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है। उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार युवक घायल हो गए। भोपाल में भी रुक रूककर बारिश हो रही है. अन्य शहरों में भी कमोवेश यही हाल है.

समाचार संक्षेप

- जबलपुर स्थित देश की सबसे बड़ी सुरक्षा संस्थान आयुध निर्माण में कल भारतीय वायु सेना के एयर मार्शल संजीव घुराटिया पहुंच रहे हैं। एयर मार्शल बनने के बाद उनका पहला जबलपुर दौरा होगा।
- **सीहोर जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। सीहोर नगरीय सीमा में बिना किसी सक्षम अनुमति के विकसित की जा रही 27 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं।**
- पन्ना में जन संख्या नियंत्रण कानून लागू करने को लेकर जनसंख्या नियंत्रण फाउन्डेसन जिला इकाई द्वारा प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा गया है।
- गुना कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा की अध्यक्षता में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया

- बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पालतू हाथियों की संख्या अब बढ़कर 14 हो गई है. टाइगर रिजर्व की हथिनी पूनम ने पिछले दिनों एक मादा शावक को जन्म दिया है.
- नर्मदापुरम में एक टवेरा कार सड़क से उतरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 5 युवकों ने दम तोड़ दियाए जबकि 6 युवक गम्भीर रूप से घायल हैंए

-------------------------------